कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छता रैंकिंग में बिलासपुर व रायपुर को पछाड़ रायगढ़ तीसरे नंबर पर

0 शासन ने जारी किया स्वच्छ सर्वेक्षण स्वमूल्यांकन की रिपोर्ट

0 रायगढ़ को मिले 824 अंक

रायगढ़ः—

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्व मूल्यांकन स्वच्छता रैंकिंग में नगर पालिका निगम रायपुर व बिलासपुर को पछाड़ते हुए रायगढ़ नगर पालिका निगम तीसरे नंबर पर है। शासन द्वारा अधिकृत स्वच्छता समिति द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर पहले नंबर पर अंबिकापुर दूसरे नंबर पर दुर्ग जबकि तीसरे नंबर पर रायगढ़ चल रहा है।

शासन द्वारा प्रदेश के 9 नगर निगम को स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता रैंकिंग के लिए चुना गया है। इसमें शासन द्वारा अधिकृत टीम द्वारा अगस्त में स्वच्छता रैंकिंग पर कार्यशाला एवं स्वच्छता रैंकिंग का निरीक्षण रायपुर व बिलासपुर के अधिकारियों द्वारा की गई थी। हाल ही में जारी 9 नगर पालिक निगम के स्वच्छता रैंकिंग जारी की गई है। इसमें

प्रदेश के अंबिकापुर पहले, दुर्ग दूसरे व रायगढ़ तीसरे स्थान पर हैं। अंबिकापुर को कुल 2000 अंक में से 1047 अंक मिले हैं, दुर्ग को करीबअ 900 अंक मिले हैं, जबकि रायगढ़ को 824 अंक मिले हैं। स्वच्छता रैंकिंग की इस सफलता से नगर निगम प्रशासन में खुशी की लहर है। नगर निगम आयुक्त श्री लोकेश्वर साहू ने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में अभी बहुत काम करने हैं। विधिवत कार्ययोजना बनाया गया है, जिसे धीरे–धीरे अमल में लाया जा रहा है। एसबीएम के तहत शौचालय निर्माण में गति लाने और जनवरी तक अधिक से अधिक वार्डों को ओडीएफ करने के निर्देश सब इंजीनियरों को दिया गया है। इसी तरह शहर की सफाई व्यवस्था, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की सतत निगरानी की निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं। हर रोज शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए सहायक स्वास्थ्य प्रभारी श्री मोती जैन को नियुक्त किया गया है। आयुक्त श्री लोकेश्वर साहू ने बताया कि दिल्ली की टीम द्वारा जनवरी–फरवरी 2017 में स्वच्छता रैंकिंग को लेकर निरीक्षण प्रस्तावित है। दिल्ली की टीम के सामने अच्छे प्रदर्शन और प्रदेश में उच्चतम रैंकिंग प्राप्त करने नगर निगम की टीम द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है।

———————————

शौचालय का उपयोग व सफाई रखने की अपली

नगर निगम आयुक्त श्री लोकेश्वर साहू ने शहर के झुग्गी झोपड़ी निवासियों से शौचालक के उपयोग करने की बात कही है। उन्होंने नगर वासियों तय जगह पर कचरा डालने, दो डस्टबीन का उपयोग करने, प्लास्टिक से बने थैला का उपयोग नहीं करने और लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करने सहयोग की अपील की है।

——————————

तो बढ़ सकता है और नंबर

निगम क्षेत्रअंतर्गत कालोनी वासियों द्वारा स्वतः कचरा निबटान योजना से रैंकिंग में और नंबर बढ़ सकता है। इसके लिए कालोनी वासियों को जागरूक करने के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तरह स्वच्छता रैंकिंग में सबसे ज्यादा अंक सालिड वेस्ट मैनेजमेंट में है। शहर में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट शुरू करने वृहद

कार्ययोजना तैयार की गई है। आगे आने वाले समय शहर में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य शुरू हो जाएगा। इससे नगर निगम रायगढ़ के अंक और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

————————————

जनप्रतिनिधियों का मिला सहयोग

आयुक्त श्री लोकेश्वर साहू ने बताया कि स्वच्छता रैंकिंग की इस सफलता में निगम क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों का भी सहयोग रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा समय–समय पर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रमुखता से भाग लिया जाता है। इसी तरह अपने–अपने वार्डों में शौचालय निर्माण, सफाई व कचरा निबटान के लिए जरूरी सुझाव के साथ लोगों को जागरूक करने में शहर के जनप्रतिनिधियों का बड़ा योगदान है। आयुक्त श्री लोकेश्वर साहू ने स्वच्छ भारत, स्वच्छ छत्तीसगढ़ व स्वच्छ रायगढ़ बनाने में इसी तरह सहयोग प्रदान करने की बात कही है।